सत्यमेव जयते

भारत सरकार
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)
Government of India
Ministry of Railways (Railway Board)









विनियोग लेखे : 2020-21
APPROPRIATION ACCOUNTS : 2020-21
भाग I- समीक्षा (रेलवे बोर्ड द्वारा प्रकाशित)
PART I - REVIEW (Issued by : RAILWAY BOARD)



2020-2021

में

भारतीय रेल

के

विनियोग लेखे

भाग I–समीक्षा

(रेलवे बोर्ड द्वारा प्रकाशित)

APPROPRIATION ACCOUNTS

OF

RAILWAYS IN INDIA

FOR 2020-2021

PART I–REVIEW

Issued by:

(RAILWAY BOARD)

विषय-सूची TABLE OF CONTENTS

पृष्ठ Page

प्रस्तावना Introduction	... ...	1
खण्ड SECTION I		**पैरा** Para
वित्तीय परिणाम Financial Results	... ...	2-6
पूंजी व्यय हेतु सकल बजट सहायता Gross Budgetary Support for CAPEX	... ...	7
आरक्षित निधियां Reserve Funds	... ...	8-14
खण्ड SECTION II		
अन्तिम लेखे Final Accounts	... ...	15
(i) **लाभ - हानि लेखा** Profit and Loss Account	... ...	15.1
(ii) **ब्लाक लेखा** Block Account	... ...	15.2
(iii) **तुलन-पत्र** Balance Sheet	... ...	15.3
खण्ड SECTION III		
फार्मों के स्वरूप और लेखों के वर्गीकरण में परिवर्तन Changes in Forms and Classification of Accounts	... ...	16
खण्ड SECTION IV		
खर्च की ब्यौरेवार समीक्षा- Detailed Review of Expenditure -	... ...	17
साधारण संचालन व्यय (राजस्व) (मुख्य शीर्ष 3001, 3002 और 3003) Ordinary Working Expenses (Revenue) (Major Head 3001, 3002 & 3003)	... ...	18
विविध व्यय (मुख्य शीर्ष 3001) Miscellaneous Expenditure (Major Head 3001)	... ...	19
निर्माण कार्यों पर व्यय (मुख्य शीर्ष 5002 और 5003) Works Expenditure (Major Head 5002 & 5003)	... ...	20

विषय-सूची TABLE OF CONTENTS

पैरा Para

निधियों में विनियोग (मुख्य शीर्ष 3001, 3002,3003 और 3006) 21
Appropriation to Funds (Major Head 3001, 3002, 3003 and 3006)

अन्य परिवहन सेवाएं - 60 - अन्य (मुख्य शीर्ष 3075) 22
Other Transport Services – 60 – Others (Major Head 3075)

खण्ड SECTION V

निधियों के प्रावधान के सम्बन्ध में लेखा परीक्षा के परिणाम 23
Results of Audit Against Provision of Funds

स्वीकृत अनुदान तथा प्रभृत विनियोग से अधिक खर्च ... ... 24 & 26
Excess over Voted Grant and Charged Appropriation

स्वीकृत अनुदान तथा प्रभृत विनियोग के अन्तर्गत बचत ... ... 25 & 27
Saving under Voted Grant and Charged Appropriation

अन्य महत्वपूर्ण विशेषताएं Other Important Features

अनियमित पुनर्विनियोग 28.1
Irregular Re-appropriation

बजट अनुमान में कमियां 28.2
Defects in budget estimation

बजट में लेखों से भिन्न वर्गीकृत खर्च 28.3
Expenditure classified differently in the budget from the account

खर्च का गलत इन्दराज 28.4
Wrong booking of expenditure

खण्ड SECTION VI

अन्य विविध विषय Other Miscellaneous Topics

भंडार शेष 29
Stores Balance

रेलवे खान-पान 30
Railway Catering

राजस्व के दावों में छूट और परित्याग 31
Remission and Abandonment of Claims to Revenue

अनुबंध ANNEXURES

अनुबंध क-फार्मों के स्वरूप और लेखों के वर्गीकरण में मामूली परिवर्तन 30-33

Annexure A-Minor changes in Forms and Classification of Accounts 34-36

अनुबंध ख-बजट बनाने में त्रुटियां तथा बजट में खर्च के लेखों से भिन्न वर्गीकरण 37-39

Annexure B-Defects in budgeting and expenditure classified differently in the budget from the accounts.

अनुबंध ग-परिचालन अनुपात (क्षेत्रीय रेलों के संचालन व्यय का आमदनी से प्रतिशत) 40

Annexure C-Operating Ratio (percentage of Working Expenses to Earnings of Zonal Railways)

अनुबंध घ-क्षेत्रीय रेलों की कुल आमदनी, संचालन व्यय आदि 41

Annexure D-Gross Earnings, Working Expenses etc. of Zonal Railways

अनुबंध ड.-भंडार शेष 42

Annexure E-Stores Balance

भारतीय रेल के

2020-2021

के

विनियोग लेखों की समीक्षा

REVIEW

OF

APPROPRIATION ACCOUNTS

OF RAILWAYS IN INDIA

FOR THE YEAR 2020-2021

---

1. इस समीक्षा में वर्ष 2020-21 में रेलों के वित्तीय परिणामों का चित्र और साथ ही वित्तीय प्रबन्ध की स्थिति का सामान्य विवेचन प्रस्तुत किया गया है। इसमें 2020-21 के वित्तीय परिणाम दिए गए हैं और उनकी तुलना इस वर्ष के बजट और संशोधित अनुमानों तथा पिछले दो वर्षों के वास्तविक आंकड़ों से की गई है, साथ ही इसमें इस वर्ष के लाभ और हानि लेखे और तुलनपत्र सहित अन्तिम लेखे दिखाये गये हैं। इस समीक्षा में निधियों की व्यवस्था और खर्च पर नियंत्रण के संबंध में लेखा परीक्षा द्वारा उठाये गये कुछ महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर भी विचार किया गया है। वर्ष के स्वीकृत अनुदान और प्रभृत विनियोग के विस्तृत विनियोग लेखे पहले की तरह ही भाग-II ब्यौरेवार विनियोग लेखे में दिखाए गये हैं।

1. This review presents a picture of the financial results of the Railways for the year 2020-21 together with a general survey of the state of financial administration. It appraises the financial results for the year 2020-21 in comparison with Budget and Revised Estimates for the year as also for the two preceding years and exhibits the Final Accounts including the Profit and Loss Account and Balance Sheet for the year. Certain points of interest arising out of audit against provision of funds and control over expenditure are also dealt with herein. The individual Detailed Appropriation Accounts of the various Voted Grant and Charged Appropriation for the year are, as usual, embodied in Part II - Detailed Appropriation Accounts.

खण्ड SECTION—1

2020-21 के वित्तीय परिणाम
Financial Results 2020-21

2.1 वर्ष 2020-21 के दौरान, राजस्व लेखे में व्यय पर प्राप्तियों का "आधिक्य" 2547.48 करोड़ रु. था जबकि बजट अनुमान में 6500.00 करोड़ रु. और संशोधित अनुमान में 2800.00 करोड़ रु. के ''आधिक्य'' की परिकल्पना की गयी थी। विस्तृत वित्तीय परिणामों का ब्यौरा नीचे तालिका-I में दिखाया गया है:-

The "Excess" of Receipts over Expenditure (Net revenue) during the year 2020-21, on Revenue Account was Rs. 2547.48 crore, against the estimated "Excess" of Rs. 6500.00 crore envisaged in Budget Estimate and Rs. 2800.00 crore projected in the Revised Estimate. The detailed financial results are shown in table-I below:-

तालिका TABLE -I

(करोड़ रु. में Rs. in crore)

विवरण Description			2020-21			2019-20	2018-19
			बजट अनुमान Budget Estimate	संशोधित अनुमान Revised Estimate	वास्तविक खर्च Actual Expenditure	वास्तविक खर्च Actual Expenditure	वास्तविक खर्च Actual Expenditure
		1	2	3	4	5	6
1	(क) (a)	केन्द्रीय सरकार निवेश Investment of Central Government	546564.44	505564.44	506240.13*	476314.44	408472.65
	(ख) (b)	पूंजी निधि से निवेश Investment from Capital Fund	53449.91	53449.91	53449.91	53449.91	53449.91
2	(क) (a)	सकल आमदनी Gross Revenue	225513.00	146184.00	140515.66	174660.52	189970.06
	(ख) (b)	यातायात उचंत Traffic Suspense	100.00	125.00	54.86	-303.92	-63.48
	(ग) (c)	यातायात से सकल प्राप्ति Gross Traffic Receipts	225613.00	146309.00	140570.52	174356.60	189906.58
3	(क) (a)	साधारण संचालन व्यय (उचंत को छोड़कर) Ordinary Working Exp. (Excld. Susp.)	163157.17	141016.96	136208.41	150694.85	140250.02
	(ख) (b)	मूल्यह्रास आरक्षित निधि और पेंशन निधि में विनियोग Appropriation to Depreciation Reserve Fund & Pension Fund	53960.00	723.00	723.00	21108.00	44580.00
	(ग) (c)	कुल संचालन व्यय (उचंत को छोड़कर) (3क+3ख) Total Working Expenses (Excluding Suspense) (3a+3b)	217117.17	141739.96	136931.41	171802.85	184830.02
	(घ) (d)	उचंत (विविध अग्रिम-राजस्व और देय मांगे) Suspense (Misc.Advance - Revenue & Demands Payable)	-404.17	-230.96	-363.90	-483.64	-49.72
	(ड.) (e)	कुल संचालन व्यय Total Working Expenses	216713.00	141509.00	136567.51	171319.21	184780.30
4		यातायात से शुद्ध प्राप्तियां (2ग-2ड.) Net Traffic Receipts (2c-3e)	8900.00	4800.00	4003.01	3037.39	5126.28
5	(क) (a)	विविध प्राप्तियां Misc. Receipts	300.00	300.00	213.03	338.09	600.79
	(ख) (b)	विविध भुगतान जिसमें चालित लाइनों को दी गयी छूट शामिल है। Misc. Payments including rebates paid to worked lines.	2700.00	2300.00	1668.56	1785.86	1953.21

	विवरण Description	2020-21			2019-20	2018-19
		बजट अनुमान Budget Estimate	संशोधित अनुमान Revised Estimate	वास्तविक खर्च Actual Expenditure	वास्तविक खर्च Actual Expenditure	वास्तविक खर्च Actual Expenditure
	1	2	3	4	5	6
6	शुद्ध विविध प्राप्तियां 5(क)-5(ख) Net Misc. Receipts 5(a)-5(b)	-2400.00	-2000.00	-1455.53	-1447.77	-1352.42
7	शुद्ध राजस्व (मद 4+6) Net Revenue (Item 4 +6)	6500.00	2800.00	2547.48**	1589.62#	3773.86
8	संचालन व्यय का कुल आय से प्रतिशत सकल राजस्व मद मद 3(ग) x 100 / मद 2 (क) Percentage of Working Expenses to Gross Revenue Item 3(c)x100 / Item 2(a)	96.28	96.96	97.45**	98.36#	97.29
9	शुद्ध राजस्व का पूंजी (केन्द्रीय सरकार निवेश) से प्रतिशत पूंजी निधि से निवेश सहित मद 7 x 100 / मद 1 (क)+(ख) Percentage of Net Rev. to Capital (Investment of Central Government) including Investment from Capital Fund. Item.7 x 100 / Item.1(a)+(b)			0.35	0.30	0.82

व्याख्या Explanations:-

(*) **केन्द्रीय सरकार के निवेश में रे.सु.निधि में 22357.03 करोड़ रु., विशेष रेल सुरक्षा निधि में 11954.00 करोड़ रु. एवं राष्ट्रीय रेल सरंक्षा कोष में 45000.00 करोड़ रु. शामिल है**
Investment of Central Government includes Government contributions to RSF (Rs. 22357.03 crore), to SRSF (Rs. 11954.00 crore) & RRSK (Rs. 45000.00 crore).

2.2 **वर्ष 2019-20 की तुलना में कुल संचालन व्यय 34871.44 करोड़ रु. कम हुआ जबकि सकल प्राप्तियों में 33786.08 करोड़ रु. की कमी हुई। सकल आमदनी से संचालन व्यय का प्रतिशत (परिचालन अनुपात) उचंत को छोड़कर 2019-20 में 98.36 और 2018-19 में 97.29 की तुलना में 97.45 रहा।**

As compared to 2019-20 total working expenses (excluding Suspense) decreased by Rs. 34871.44 crore while gross receipts also decreased by Rs.33786.08 crore. The percentage of total Working Expenses (excluding suspense) to Gross Revenue (Operating Ratio) was 97.45 as against 98.36 in 2019-20 and 97.29 in 2018-19.

** **वर्ष 2020-21 में कोविड के कारण संसाधनों में कमी आने के कारण रेलवे ने पेंशन निधि में वांछित राशि से कम विनियोग किया। 2020-21 में पेंशन निधि में विनियोग का आवश्यक स्तर अर्थात 48435.00 करोड़ रू के वास्तिविक पेंशन व्यय समान होता तो परिचालन अनुपात 131.55 प्रतिशत रहता और शुद्ध राजस्व प्रतिकूल रहता।**
Due to COVID related resources gap, Railways appropriated less than required amount to Pension Fund in 2020-21. With required level of appropriation to Pension Fund i.e. Rs. 48435.00 crore equivated to the actual pension expenditure in 2020-21, the Operating Ratio would have been 131.55% and the net revenue would have been adverse.

वर्ष 2019-20 में कोविड के कारण संसाधनों में कमी आने के कारण रेलवे ने पेंशन निधि में वांछित राशि से कम विनियोग किया। संशोधित अनुमान में पेंशन निधि के लिए आवश्यक 48350.00 करोड़ रू की धनराशि विनियोग करने पर परिचालन अनुपात 114.19 प्रतिशत होता और शुद्ध राजस्व प्रतिकूल रहता।
Due to COVID related resources gap, Railways appropriated less than required amount to Pension Fund in 2019-20, with required level of appropriation to Pension Fund i.e. Rs. 48350.00 crore in RE, the Operating Ratio would have been 114.19% and the net revenue would have been adverse.

अलग-अलग क्षेत्रीय रेलो के वास्तविक संचालन व्यय का कुल राजस्व से प्रतिशत अनुबंध-ग मे दिखाया गया है। और प्रत्येक क्षेत्रीय रेलवे का कुछ राजस्व, संचालन व्यय आदि के आकड़े अनुबंध 'घ' में दिये गये है।
The percentage of Working Expenses to Gross Revenue of each Zonal Railways is shown in Annexure "C" and the figures of Gross Revenue, Working Expenses etc.of each Zonal Railways are shown in Annexure "D".

3. शुद्ध राजस्व NET REVENUE

2020-21 के लेखे 2547.48 करोड़ रु. के "आधिक्य" के साथ बंद हुए जबकि बजट अनुमान के समय 6500.00 करोड़ रु. तथा संशोधित अनुमानों में 2800.00 करोड़ की परिकल्पना की गई थी। इसका उपयोग निम्न प्रकार से किया गया है:-
The accounts for the year 2020-21 closed with an "Net Revenue" of Rs. 2547.48 crore as against Rs. 6500.00 crore envisaged at Budget Estimates stage and Rs. 2800.00 crore projected in the Revised Estimate. This has been utilised as under:-

(करोड़ रु. में ₹ *in crore*)

(i)	विकास निधि में विनियोग Appropriation to Development Fund.	1547.48
(ii)	राष्ट्रीय रेल संरक्षा कोष में विनियोग Appropriation to Rashtriya Rail Sanraksha Kosh	1000.00
	कुल **Total**	**2547.48**

4. संचालन व्यय WORKING EXPENSES

4.1 बजट अनुमान (शुद्ध) की तुलना में 79781.59 करोड़ रु. की बचत संचालन व्यय के अंतर्गत हुई, खर्च में (शुद्ध) वृद्धि/बचत निम्न प्रकार से हुई:-

4.1 There was a saving in the working expenses to the extent of Rs. 79781.59 crore (Net) as compared to Budget Estimate (Net). The 'Saving/excess in expenditure was as under :-

बचत इस प्रकार है Saving is as under :

(करोड़ रु. में ₹ *in crore*)

(i)	उप मुख्य शीर्ष 01 Sub.M.H. 01	सामान्य अधीक्षण और सेवाएं General Superintendence and Services.	1096.24
(ii)	उप मुख्य शीर्ष 02 Sub.M.H. 02	रेलपथों और निर्माण कार्य की मरम्मत एवं अनुरक्षण Repairs and Maintenance of Permanent Way & Works	1381.66
(iii)	उप मुख्य शीर्ष 03 Sub.M.H. 03	रेल इंजन की मरम्मत एवं अनुरक्षण Repairs and Maintenance of Motive Power	1434.11
(iv)	उप मुख्य शीर्ष 04 Sub.M.H 04	सवारी और माल डिब्बों की मरम्मत और रखरखाव Repairs and Maintenance of Carriages and Wagons.	1325.14
(v)	उप मुख्य शीर्ष 05 Sub.M.H 05	संयंत्र और उपस्कर की मरम्मत और अनुरक्षण Repairs and Maintenance of Plant & Equipment.	1118.18
(vi)	उप मुख्य शीर्ष 06 Sub.M.H 06	परिचालन व्यय-चल स्टॉक और उपस्कर Operating Expenses - Rolling Stock & Equipment	2755.85
(vii)	उप मुख्य शीर्ष 07 Sub.M.H. 07	परिचालन व्यय-यातायात Operating Expenses (Traffic)	5193.68
(viii)	उप मुख्य शीर्ष 08 Sub.M.H 08	परिचालन व्यय-ईंधन Operating Expenses (Fuel)	10348.85
(ix)	उप मुख्य शीर्ष 09 Sub.M.H 09	कर्मचारी कल्याण और सुख-सुविधाएं Staff Welfare and Amenities	1204.73
(x)	उप मुख्य शीर्ष 10 Sub.M.H 10	विविध संचालन व्यय Miscellaneous Working Expenditure	612.19
(xi)	उप मुख्य शीर्ष 11 Sub.M.H 11	भविष्य निधि, पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभ Provident fund, Pension and Other retirement Benefits	73.96

(xii)	उप मुख्य शीर्ष 12 Sub.M.H 12	निधियों में विनियोग Appropriation to Fund	53237.00
		कुल Total	**79781.59**
		शुद्ध बचत Net Saving	79781.59

4.2 संशोधित अनुमान (शुद्ध) की तुलना में 4577.59 करोड़ रु. की बचत संचालन व्यय के अंतर्गत हुई, खर्च में वृद्धि/बचत निम्न प्रकार से हुई:-

As compared to Revised Estimate, there was a saving of Rs 4577.59 crore (Net). The 'Excess/Savings' in expenditure was as under :-

बचत इस प्रकार है :-

Saving is as under :-

(करोड़ रु. में ₹ *in crore*)

(i)	उप मुख्य शीर्ष 01 Sub.M.H. 01	सामान्य अधीक्षण और सेवाएं General Superintendence and Services.	169.54
(ii)	उप मुख्य शीर्ष 07 Sub.M.H. 07	परिचालन व्यय-यातायात Operating Expenses (Traffic)	3908.48
(iii)	उप मुख्य शीर्ष 08 Sub.M.H 08	परिचालन व्यय-ईंधन Operating Expenses (Fuel)	3141.85
(iv)	उप मुख्य शीर्ष 11 Sub.M.H 11	भविष्य निधि, पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभ Provident fund, Pension and Other retirement Benefits	157.06
		कुल Total	**7376.93**

निम्न वृद्धि द्वारा अंशतः संतुलित की गई :-

Partly offset by an excess as under:-

(करोड़ रु. में ₹ *in crore*)

(i)	उप मुख्य शीर्ष 02 Sub.M.H. 02	रेलपथों और निर्माण कार्य की मरम्मत एवं अनुरक्षण Repairs and Maintenance of Permanent Way & Works	859.54
(ii)	उप मुख्य शीर्ष 03 Sub.M.H. 03	रेल इंजन की मरम्मत एवं अनुरक्षण Repairs and Maintenance of Motive Power	41.59
(iii)	उप मुख्य शीर्ष 04 Sub.M.H 04	सवारी और माल डिब्बों की मरम्मत और रखरखाव Repairs and Maintenance of Carriages and Wagons.	1104.16
(iv)	उप मुख्य शीर्ष 05 Sub.M.H 05	संयंत्र और उपस्कर की मरम्मत और अनुरक्षण Repairs and Maintenance of Plant & Equipment.	69.42
(v)	उप मुख्य शीर्ष 06 Sub.M.H 06	परिचालन व्यय-चल स्टॉक और उपस्कर Operating Expenses - Rolling Stock & Equipment	130.15
(vi)	उप मुख्य शीर्ष 09 Sub.M.H 09	कर्मचारी कल्याण और सुख-सुविधाएं Staff Welfare and Amenities	165.57
(vii)	उप मुख्य शीर्ष 10 Sub.M.H 10	विविध संचालन व्यय Miscellaneous Working Expenditure	428.91
		कुल Total	**2799.34**
		शुद्ध बचत Net Saving	**4577.59**

5. सकल यातायात प्राप्तियों का ब्यौरा
DETAILS OF GROSS TRAFFIC RECEIPTS

तालिका TABLE-II

(करोड़ रु. में ₹ *in crore*)

	विवरण Description	2020-21			2019-20	2018-19
		बजट अनुमान Budget Estimate	संशोधित अनुमान Revised Estimate	वास्तविक Actual	वास्तविक Actual	वास्तविक Actual
	1	2	3	4	5	6
(i)	यात्री यातायात से राजस्व Passenger Revenue	61000.00	15000.00	15248.49	50669.09	51066.65
(ii)	अन्य कोचिंग राजस्व Other Coaching Revenue	6500.00	1500.00	2096.74	4640.79	4474.46
(iii)	माल यातायात से राजस्व Goods Revenue	147000.00	124184.00	117231.82	113487.89	127432.72
(iv)	फुटकर राजस्व Sundry Revenue	11013.00	5500.00	5938.61	5862.75	6996.23
(v)	उचंत (वसूल न की गई राजस्व) Suspense (Unrealised Revenue)	100.00	125.00	54.86	-303.92	-63.48
	सकल यातायात प्राप्तियां Gross Traffic Receipts	**225613.00**	**146309.00**	**140570.52**	**174356.60**	**189906.58**

इस वर्ष सकल यातायात प्राप्ति 140570.52 करोड़ रु. हुई जो बजट अनुमान से 85042.48 करोड़ रु. कम थी। बजट अनुमान की तुलना में यह कमी यात्री यातायात से राजस्व (45751.51 करोड़ रु.), अन्य कोचिंग (4403.26 करोड़ रु.), माल राजस्व (29768.18 करोड़ रु.), फुटकर राजस्व (5074.39 करोड़ रु.) और उचंत (45.14 करोड़ रु.) के अंतर्गत हुई। यात्री एवं 'अन्य कोचिंग' में कमी मुख्यता कोविड-19 के कारण रेलगड़ियों एवं सेवाओं के रद्द होने की वजह से हुई।

The Gross Traffic Receipt for the year amounting to Rs. 140570.52 crore were Rs. 85042.48 crore less than the Budget Estimate. The decrease as compared to Budget Estimate was under Passenger Revenue (Rs.45751.51 crore), Other Coaching (Rs. 4403.26 crore), Goods Revenue (Rs. 29768.18 Crore) Sundry Revenue (Rs. 5074.39 crore) and Suspense (Rs. 45.14 crore). The shortfall in Passenger & Other Coaching Revenue was mainly on account of cancellation of Train & Services due to COVID-19.

इस वर्ष सकल यातायात प्राप्ति 140570.52 करोड़ रू हुई जो संशोधित अनुमानों की तुलना में 5738.48 करोड़ रु. कम थी संशोधित अनुमानों की तुलना में कमी मुख्यतः माल राजस्व (6952.18 करोड़ रु.), उचंत (70.14 करोड़ रू.) , जिसे यात्री राजस्व (248.49 करोड़ रू.), अन्य कोचिंग (596.74 करोड़ रू.) और फुटकर राजस्व (438.61 करोड़ रू.) की वृद्धि से अंशतः संतुलित किया गया।

The Gross Traffic Receipt for the year amounting to Rs. 140570.52 crore were Rs. 5738.48 crore less than the Revised Estimate. The decrease as compared to Revised Estimate was under Goods Revenue (Rs. 6952.18 Crore) and Suspense (Rs. 70.14 crore), partly offset by increase Passenger Revenue (Rs.248.49 crore), Other Coaching (Rs. 596.74 crore), and Sundry Revenue (Rs. 438.61 crore).

6. विविध प्राप्तियाँ
MISCELLANEOUS RECEIPTS

तालिका TABLE-III

(करोड़ रु. में ₹ *in crore*)

	विवरण Description	2020-21			2019-20	2018-19
		बजट अनुमान Budget Estimate	संशोधित अनुमान Revised Estimate	वास्तविक Actual	वास्तविक Actual	वास्तविक Actual
(i)	शाखा लाइन कंपनियों से अधिशेष लाभ का हिस्सा Share of Surplus Profit from Branch Line Companies	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
(ii)	रेलवे भर्ती बोर्ड Railway Recruitment Boards	0.19	0.19	53.83	111.35	397.66
(iii)	अन्य विविध प्राप्तियां Other Miscellaneous Receipts	299.81	299.81	159.20	226.74	203.13
	कुल Total	**300.00**	**300.00**	**213.03**	**338.09**	**600.79**

वर्ष में वास्तविक विविध प्राप्तियां 213.03 करोड़ रु. थी। ये संशोधित/बजट अनुमानों से 86.97 करोड़ रु. कम थी।

The actual Miscellaneous Receipts for the year was Rs. 213.03 crore. These were Rs. 86.97 crore less than the Budget Estimate and Revised Estimate.

बजट एवं संशोधित अनुमानों की तुलना में यह बचत निम्नलिखित के कारण हुई :-
As compared to Budget Estimate and Revised Estimate the decrease was due to :-

(करोड़ रु. में ₹ *in crore*)

(i)	अन्य विविध प्राप्तियां Other Miscellaneous Receipts	140.61
	कुल Total	**140.61**

निम्नलिखित में हुई वृद्धि से अंशतः संतुलित किया गया :-
Partly offset by increase as under:-

(करोड़ रु. में ₹ *in crore*)

(i)	रेलवे भर्ती बोर्ड Railway Recruitment Boards	53.64
	कुल Total	**53.64**
	शुद्ध कमी Net decrease	**86.97**

7. पूंजी व्यय हेतु सकल बजट सहायता
GROSS BUDGETARY SUPPORT FOR CAPEX

रेलवे बजट का सामान्य बजट में 2017-18 से समाहित होने के कारण ब्याज देय पूंजी को निरस्त कर दिया गया है। रेलवे में केन्द्र सरकार द्वारा निवेश जो कि 31.03.2021 को पूंजी व्यय हेतु सकल बजट सहायता की राशि 506240.13 करोड़ रु. थी रे.सु.निधी से संबंधित 22357.03 करोड़ रु., रा.रे.सं.कोष से संबंधित 45000.00 करोड़ रु. और विशेष रेलवे सुरक्षा निधि से संबंधित 11954.00 करोड़ रु. शामिल है और पूंजी निधि से संबंधित 53449.91 करोड़ रु. शामिल नहीं है।

Consequent upon merger of Railway Budget with General Budget from 2017-18, the Capital-at-Charge has been wiped off. The investment from Central Government in Railways, which stood at Rs. 506240.13 crore as on 31-3-2021, includes Rs. 22357.03 crore relating to RSF, Rs. 45000.00 crore relating to RRSK and Rs. 11954.00 crore relating to Special Railway Safety Fund and excludes Rs. 53449.91 crore relating to Capital Fund.

2020-21 में अनुदान संख्या 83-(5002 एवं 5003) (परिसम्पतियां-अधिग्रहण, निर्माण और बदलाव) के अंतर्गत शुद्ध सकल बजट सहायता (स.ब.स.) 29925.69 करोड़ रू थी। हालांकि संशोधित बजट अनुमान में 70000.00 करोड़ रू के स्तर को 108398.00 करोड़ रू किया गया तथापि पूंजी हेतू सकल बजट सहायता 29250.00 करोड़ रू की ही रही। स.ब.स. के बचे भाग हेतु अर्थात 79398.00 करोड़ रूपये के विशेष ऋण को कोविड सम्बधित संसाधनों की रिक्ती एवं 2019-20 के पब्लिक लेखों मे प्रतिकूल शेष की प्रतिपूर्ती के लिए दिया गया।

The net GBS in 2020-21 under Grant No.83 – (5002 & 5003) (Assets-Acquisition, Construction and Replacement) was Rs. 29925.69 crore . Though GBS in RE was increased to Rs. 108398.00 cr. from BE level of Rs. 70000.00 cr., GBS available for CPAEX in RE was only Rs.29250.00 cr. as part of the GBS i.e. 79398.00 cr. was given as a special loan for COVID related resource gap in 2020-21 and to liquidate adverse balance in Public Accounts in 2019-20.

8. मूल्यह्रास आरक्षित निधि DEPRECIATION RESERVE FUND

मूल्यह्रास आरक्षित निधि में 833.55 करोड़ रु. का अथशेष था। वर्ष के दौरान, इस निधि में राजस्व से 200.00 करोड़ रु. और उत्पादन इकाइयों के संबंध में पूंजी से 200.00 करोड़ रु. का अंशदान किया गया था। निधि में शेष पर ब्याज के रूप में 23.72 करोड़ रु. की राशि उपार्जित की गई। वर्ष के दौरान, वास्तविक निकासी 671.92 करोड़ रु. की रही। वर्ष के अंत में 585.35 करोड़ रु. का इतिशेष रहा।

The Depreciation Reserve Fund opened with a balance of Rs. 833.55 crore. During the year Rs. 200.00 crore were contributed from Revenue and Rs.200.00 crore from Capital in respect of Production Units. A sum of Rs. 23.72 crore accrued as interest on the balance in the fund. The actual withdrawal during the year amounted to Rs. 671.92 crore as against the programmed. At the end of the year the fund closed with a balance of Rs.585.35 crore.

9. विकास निधि DEVELOPMENT FUND

इस निधि में 519.29 करोड़ रु. का अथशेष था। वर्ष के दौरान राजस्व ''आधिक्य'' से निधि को 1547.48 करोड़ रु. का अंशदान था। इस निधि में शेष राशि पर ब्याज के रूप में 25.67 करोड़ रुपये की राशि उपार्जित की गई। वर्ष के दौरान इस निधि से 1075.89 करोड़ रु. की निकासी रही। और वर्ष के अन्त में 1016.55 करोड़ रु. का इति शेष रहा।

The fund opened with a balance of Rs. 519.29 crore. The contribution from Net Revenue to the fund during the year was Rs. 1547.48 crore. A sum of Rs. 25.67 crore accrued as interest on the balance in the fund. The expenditure from the fund during the year was Rs. 1075.89 crore, at the end of the year the fund closed with a balance of Rs. 1016.55 crore.

10. पेंशन निधि PENSION FUND

इस निधि में (-) 28398.46 **करोड़ रु. का अथशेष था। वर्ष के दौरान इस निधि में 1123.00 करोड़ रु. (523.00 करोड़ रु. राजस्व संचालन व्यय से, 500.00 करोड़ रु. विभिन्न उत्पादन इकाइयों से, 100.00 करोड़ रु. विविध स्थापनाओं जैसे रेलवे बोर्ड, अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन, लेखा परीक्षा आदि से) विनियोजित किए गए। इसमें 2020-21 में वित मंत्रालय से प्राप्त कोविड-19 संबंधित संसाधनों की रिक्तीयों की प्रतिपूर्ती केन्द्रीय सरकार से 79398.00 करोड़ रू का विशेष ऋण विनियोजित किया गया। इस निधि के शेष पर उपार्जित ब्याज** (-) 420.08 **करोड़ रू था। इस निधि में से कुल 48434.96 करोड़ रू की निकासी के बाद वर्ष के अंत में 3267.50 करोड़ रू का इतिशेष रहा।**

The fund opened with a balance of Rs. (-) 28398.46 crore. A sum of Rs. 1123.00 crore (Rs. 523.00 crore from Revenue Working Expenses, Rs.500.00 crore in respect of various Production Units and Rs.100.00 crore in respect of various Miscellaneous Establishments like Railway Board, RDSO, Audit etc.) was appropriated to the Fund during the year. Further a special loan for COVID-19 related resources gap from central government Rs. 79398.00 crore received during 2020-21 from MOF was appropriated to the fund. A sum of Rs. (-) 420.08 crore accrued as interest on the balance in the fund. The withdrawals from the fund totalled Rs.48434.96 crore leaving a balance of Rs. 3267.50 crore at the close of the year.

11. पूंजी निधि CAPITAL FUND

इस निधि में 400.35 करोड़ रु. का अथशेष था। वर्ष के दौरान शून्य विनियोग किया गया। इस निधि में शेष राशि पर ब्याज के रूप में 13.61 करोड़ रुपये की राशि उपार्जित की गई। इस निधि में से कुछ भी निकासी नहीं हुई और वर्ष के अंत में 413.96 करोड़ रु. का इतिशेष रहा।

This fund opened with a balance of Rs. 400.35 crore. There was nil appropriation to the fund during the year. A sum of Rs. 13.61 crore accrued as interest on the balance in the fund. No withdrawals were made from the fund leaving a balance of Rs.413.96 crore at the close of the year.

12. रेल संरक्षा निधि RAILWAY SAFETY FUND

इस निधि में 509.19 करोड़ रु. का अथशेष था। इस वर्ष इस निधि में शून्य विनियोजन किया गया, (-) 2.90 करोड़ रु. की राशि की निकासी के बाद वर्ष के अंत में इस निधि में 512.09 करोड़ रु. का इतिशेष रहा।

This fund opened with a balance of Rs. 509.19 crore. There was nil appropriation to the fund during the year. Rs. (-) 2.90 crore was withdrawn from the fund leaving a balance of Rs.512.09 crore at the close of the year.

13 ऋण सेवा निधि DEBT SERVICE FUND.

इस निधि में 214.73 करोड़ रु. का अथशेष था। इस निधि में कोई भी राशि विनियोजित नहीं की गई। इस निधि में शेष राशि पर ब्याज के रूप में 7.30 करोड़ रुपये की राशि उपार्जित की गई। इस निधि से कुछ भी निकासी नहीं हुई, वर्ष के अंत में इस निधि में 222.03 करोड़ रु. का इतिशेष रहा।

This fund opened with a balance of Rs. 214.73 crore. Nil amounts were appropriated to this fund. A sum of Rs. 7.30 crore accrued as interest on the balance in the fund. The withdrawal from the fund is NIL, leaving a balance of Rs. 222.03 crore at the close of the year.

14. राष्ट्रीय रेल संरक्षा कोष RASHTRIYA RAIL SANRAKSHA KOSH

इस निधि में 190.72 करोड़ रू. का अथशेष था। इस निधी में शुद्ध राजस्व 1000.00 करोड़ रू. विनियोजित किए गये इस निधी से 314.25 करोड़ रू. निकासी के बाद वर्ष के अंत में 876.47 करोड़ रू. इतिशेष रहा।

This fund opened with a balance of Rs. 190.72 crore. A sum of Rs.1000.00 crore was appropriated to this fund from Net Revenue. The withdrawals from the fund were Rs. 314.25 crore leaving a balance of Rs.876.47 crore at the close of the year.

खण्ड SECTION-II

15. अंतिम लेखे
FINAL ACCOUNTS

भारतीय रेलों (वाणिज्यिक व सामरिक लाइनों) के समेकित लाभ - हानि लेखा, ब्लाक लेखा और तुलन-पत्र के सारांश नीचे दिए गए हैं:-

The following is a summarised version of the consolidated Profit and Loss Account, Block Account and Balance Sheet of the Indian Railways (Commercial & Strategic Lines).

भारतीय रेलों के समग्र तथा प्रत्येक क्षेत्रीय रेलवे के अलग-अलग समेकित लाभ - हानि लेखे, ब्लाक लेखे और तुलन-पत्र अलग से प्रकाशित किये गए हैं। (अनुबन्ध 'छ'-भाग-II-ब्यौरे-वार विनियोग लेखे)

The consolidated Profit and Loss Account, Block Account and Balance Sheet of the Indian Railways as a whole and also of each Zonal Railway are published separately (Annexure 'G' - Part. II - Detailed Appropriation Accounts).

15.1 लाभ - हानि लेखा
PROFIT AND LOSS ACCOUNT

2019-20 और 2020-21 के वर्षों के लिए भारतीय रेलों के लाभ-हानि खाते निम्न तालिका (तालिका IV) में संक्षेप में दिखाए गए है।

The Summarized Profit and loss Account of Indian Railways for 2019-20 and 2020-21 is shown below in Table IV

तालिका TABLE -IV

(करोड़ रु. में ₹ *in crore*)

नामे DEBIT			जमा CREDIT		
2019-20	**विवरण Particulars**	**2020-21**	**2019-20**	**विवरण Particulars**	**2020-21**
	से To -			**द्वारा By -**	
171804.20	**कुल संचालन व्यय** #Total Working Expenses	136931.41	174660.52	**सकल आमदनी** #Gross Earnings	140515.66
1785.86	**विविध व्यय** Misc. Expenditure	1668.56	338.09	**विविध प्राप्तियां** Misc. Receipts	213.03
1408.55	**लाभ** Profit	2128.72@	0.00	**हानि** Loss	0.00
174998.61	**कुल** **Total**	140728.69	174998.61	**कुल** **Total**	140728.69

 # उचंत शामिल नहीं है

Excluding Suspense.

@ रेलवे राजस्व से पेंशन निधि में वांछित विनियोग से कम के साथ

@ With less than required Appropriation to Pension Fund from Railway revenue.

15.2 ब्लाक लेखा
BLOCK ACCOUNT

2019-20 और 2020-21 के वर्षों के लिए रेलों के ब्लाक लेखे नीचे (तालिका V और VI में) संक्षेप में दिखाए गए हैं।

The Block Account of the Railways for the year 2019-20 and 2020-21 is shown below (Table. V and VI) in an abbreviated form.

भाग–I पूंजी विवरण
Part-I – CAPITAL STATEMENT
तालिका TABLE -V

(करोड़ रु. में ₹ *in crore*)

As on 31-3-20 को	देयताएं Liabilities	As on 31-3-21 को	As on 31-3-20 को	परिसम्पत्तियां Assets.	As on 31-3-21 को
	सरकारी पूंजी Government Capital			**अचल परिसम्पत्तियां Fixed Assets**	
82.99	**(क) विशिष्ट ऋण** (a) Specific Debt	82.99	178.87	**(क) खरीदी गई परिसम्पतियां** (a) Assets acquired by purchase	178.87
396920.39	**(ख) अविशिष्ट ऋण** (b) Non-specific Debt	426846.08	366941.36	**(ख) अन्य परिसम्पत्तियां** (b) Other Assets	393797.35
397003.38	**जोड़ Total**	**426929.07**	**367120.23**	**जोड़ Total**	**393976.22**
	अन्य पूंजी Other Capital				
0.03	**(क) जिला बोर्डों आदि द्वारा अंशदान** (a) Contribution by District Boards etc.	0.03	29883.18	**चल परिसम्पत्तियां** Floating Assets.	32952.88
397003.41	**कुल Total**	**426929.10**	**397003.41**	**कुल Total**	**426929.10**

भाग II ब्लाक लेखे का विवरण
Part-II – STATEMENT OF BLOCK ACCOUNTS
तालिका TABLE -VI

(करोड़ रु. में ₹ *in crore*)

As on 31-3-20को	देयताएं Liabilities	As on 31-3-21 को	As on 31-3-20 को	परिसम्पत्तियां Assets.	As on 31-3-21 को
397003.41	**भाग–I पूंजी विवरण के अनुसार किया गया पूंजी निवेश** Capital invested as per Part.I Capital Statement	426929.10	397003.41	**भाग–I पूंजी विवरण के अनुसार अचल और चल परिसम्पत्तियां** Fixed and Floating Assets as per Part.I Capital Statement	426929.10
65272.76	**मूल्यह्रास आरक्षित निधि** Depreciation Reserve Fund	65787.66	65272.76	**मूल्यह्रास आरक्षित निधि** Depreciation Reserve Fund	65787.66
39028.17	**विकास निधि** Development Fund	40104.06	39028.17	**परिसम्पत्तियां, जिनका सृजन विकास निधि से किया गया।** Assets created from Development Fund	40104.06
1252.31	**राजस्व (चालू लाइन निर्माण)** Revenue (Open Line Works)	1252.31	1252.31	**परिसम्पत्तियां, जिनका सृजन राजस्व (ओपन लाइन निर्माण) से किया गया।** Assets created from Revenue (Open Line Works)	1252.31
1995.93	**विविध** Miscellaneous	1995.93	1995.93	**विविध** Miscellaneous	1995.93
53449.91	**पूंजी निधि** Capital Fund	53449.91	53449.91	**पूंजी निधि** Capital Fund	53449.91
36054.67	**रेलवे संरक्षा निधि** Railway Safety Fund	36051.77	36054.67	**रेलवे संरक्षा निधि** Railway Safety Fund	36051.77
49129.96	**राष्ट्रीय रेलवे संरक्षा कोष** Rashtriya Rail Sanraksha Kosh	49444.21	49129.96	**राष्ट्रीय रेलवे संरक्षा कोष** Rashtriya Rail Sanraksha Kosh	49444.21
15756.05	**विशेष रेलवे संरक्षा निधि** Special Railway Safety Fund	15756.05	15756.05	**विशेष रेलवे संरक्षा निधि** Special Rly Safety Fund	15756.05
658943.17	**कुल Total**	**690771.00****	**658943.17**	**कुल Total**	**690771.00****

* इसमें 11954.00 करोड़ रु. एसआरएसएफ को विनियोग से संबंधित। Includes Rs. 11954.00 crore pertaining to Appropriation to SRSF.

** इसमें 1991.56 करोड़ रु. महानगरीय परिवहन परियोजनाओं (रेलवे) से संबंधित, मुंबई महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा वित्तपोषित।
Includes Rs. 1991.56 crore pertaining to Metropolitan Transport Projects (Railways), Mumbai financed by Maharashtra State Government.

** इसमें मार्च 2005 से पट्टे प्रभार के पूंजी घटक के पुनर्भुगतान की दिशा में 82272.04 करोड़ रु. का भुगतान शामिल किया गया।
Includes Rs. 82272.04 crore paid towards repayment of Capital Component of lease charge since March 2005.

** EBR-IF के तहत किए गए परियोजना के मूल्य को छोड़कर रु। वर्ष 2020-21 के दौरान 27635.47 करोड़ रुपये रु. और मार्च, 2021 के अंत तक 124337.74 करोड़ रु. शामिल नहीं है
Excludes value of projects undertaken under EBR-IF amounting to Rs. 27635.47 crore during the year 2020-21 and Rs. 124337.74 crores to end of March, 2021.

** EBR-S के तहत किए गए परियोजना के मूल्य को छोड़कर रु। वर्ष 2020-21 के दौरान 50515.29 करोड़ रुपये रु. और मार्च, 2021 के अंत तक 50515.29 करोड़ रु. शामिल नहीं है
Excludes value of projects undertaken under EBR-S amounting to Rs. 50515.29 crore during the year 2020-21 and Rs. 50515.29 crores to end of March, 2021.

15.3 तुलन पत्र

BALANCE SHEET

भारतीय रेल का 31.3.2021 तक का तुलन-पत्र संक्षेप में निम्नलिखित (तालिका-VII) में दिखाया गया है। पिछले वर्ष के अंत के तदनुरूपी आंकड़े भी दर्शाए गए हैं।

The Balance Sheet of the Indian Railways as on 31-3-2021 in a summarised form is shown in (Table VII). The corresponding figures at the end of previous year have also been given.

तालिका TABLE -VII

तुलन पत्र BALANCE SHEET

(करोड़ रु. में ₹ *in crore*)

As on 31-3-20 को	देयताएं Liabilities	As on 31-3-21 को	As on 31-3-20 को	परिसम्पत्तियां Assets	As on 31-3-21 को
658943.17	**कुल निवेश (ब्लॉक लेखा विवरणानुसार)** Total investment (As in Block Account Statement)	**690771.00**	**658943.17**	**अचल और चल परिसम्पत्तियां (ब्लॉक लेखा विवरणानुसार)** Fixed & Floating Assets (As in Block Account Statement)	**690771.00**
39341.70	**रेलवे तथा अन्य भविष्य निधि और कर्मचारी हित निधि** Railway & Other Provident Fund & Staff Benefit Fund.	40292.15	**69164.17**	**बैंकिंग लेखा (दूसरी ओर इंदराज के अनुसार)** Banking Account per Contra.	**62323.82**
669.52	**सरकारी कंपनियों के निक्षेप** Deposits of Govt. Company	669.52	1661.09	**यातायात उचंत** Traffic Suspense	1571.72
			356.44	**वसूली योग्य मांगें** Demand Recoverable	390.96
29093.14	**विविध निक्षेप** Miscellaneous Deposit	21305.28	1735.62	**विविध अग्रिम** Miscellaneous Advance	1819.72
14.29	**अन्य विभागीय अग्रिम** Other Departmental Advances.	11.56	604.78	**हस्त रोकड़** Cash in hand.	703.98
44.11	**रेल कर्मचारियों और रेलवे सहकारी समितियों को ऋण देने के लिए केन्द्रीय सरकार से अग्रिम** Advance from Central Govt. for loans for Rly Employees & Rly Co-operative Socities.	43.64	(-)25730.41	**आरक्षित निधि और निवेश** Reserve Funds and Investments	6894.16
1.40	**पत्तन प्राधिकारियों को अग्रिम** Advance to Port Authorities.	1.67			
69164.17	**बैंक लेखा (कुल)** **Banking Account(Total)**	**62323.82**			
833.55	**मूल्यह्रास आरक्षित निधि** Depreciation Reserve Fund	585.35	10.71	**राज्यों और केन्द्र के साथ लेखे** Accounts with States and Central (Civil).	10.71
0.23	**रेलवे विकास निधि निवेश** Railway Development Fund Investment.	0.23	4.86	**पाकिस्तान की रेलों के साथ लेखे** Accounts with Pakistan Railways.	4.39
519.29	**विकास निधि** Development Fund.	1016.55	88.18	**रक्षा विभाग के साथ लेखों का समायोजन** Adjusting Account With Defence.	79.89
-28398.47	**पेंशन निधि** Pension Fund.	3267.49	244.38	**बंगलादेश के साथ लेखे** Accounts with Bangla Desh.	267.92
400.35	**पूंजी निधि** Capital Fund.	413.96	52.26	**डाक एवं तार विभाग के साथ लेखे** Adjusting Account with P&T.	58.26
505.25	**रेलवे संरक्षा निधि** Railway Safety Fund.	512.09			
214.72	**ऋण सेवा निधि** Debt Service Fund.	222.02			
194.66	**राष्ट्रीय रेल संरक्षा कोष** Rashtriya Rail Sanraksha Kosh	876.47			
5251.48	**देय मांगें** Demands Payable.	5699.36			
3.25	**अन्य सरकारों के साथ लेखे** Accounts with other Governments.	3.25	496.41	**अन्य सरकारों के साथ लेखे** Accounts with other Governments.	795.05
707631.67*	**कुल Total**	**765691.58****	**707631.67***	**कुल Total**	**765691.58****

* इसमें महानगर परिवहन परियोजना (रेलवे) और सर्कुलर रेलवे (अर्थात् पूर्व, दक्षिण मध्य और पश्चिम रेलवे) से संबंधित 18534.93 करोड़ रु. शामिल हैं और इसमें 2019-20 के दौरान भा.रे.वि.नि. द्वारा पट्टे पर ली गई परिसम्पत्तियों के 33376.47 करोड़ रु. और मार्च 2020 के अन्त तक 229364.69 करोड़ रु. शामिल नहीं हैं। और इसमें संशोधित लेखांकन विधी के अनुसार वर्ष 2019-20 के दौरान आईआरएफसी को 10462.21 करोड़ रू. की लागत का पट्टे प्रभार के पूंजी घटक का भुगतान शामिल है। मार्च, 2020 के अंत में पट्टे प्रभारों को संचयी पूंजी घटक 70323.80 करोड़ रू. रहा।

Includes Rs. 18534.93 crore pertaining to Metropolitan Transport Project (Railways) and Circular Railways (i.e. Eastern, South Central and Western Railways) and excludes the assets taken on lease from IRFC amounting to Rs.33376.47 crore during the year 2019-20. and Rs. 229364.69 crores to end of March, 2020, and includes Capital Component of the lease charges paid to IRFC amounting to Rs. 10462.21 crores during the year 2019-20 as per revised accounting treatment. The cumulative Capital Component of lease charges to end of March'2020 comes to Rs. 70323.80 crores.

** इसमें महानगर परिवहन परियोजना (रेलवे) और सर्कुलर रेलवे (अर्थात् पूर्व, दक्षिण मध्य और पश्चिम रेलवे) से संबंधित 18797.44 करोड़ रु. शामिल हैं और वर्ष 2020-21 के दौरान इसमें भा.रे.वि.नि. से पट्टे पर ली गई परिसम्पत्तियों की 29110.39 करोड़ रु. की राशि और मार्च, 2021 के अंत तक 258475.08 करोड़ रू. की राशि शामिल नहीं है, और इसमें संशोधित लेखांकन के तहत वर्ष 2020-21 के दौरान भा.रे.वि.नि. को देय पट्टे प्रभारों के पूंजी घटक की 11948.24 करोड़ रु. की राशि शामिल है। मार्च 2021 के अंत तक पट्टे प्रभार की संचयी, पूंजी घटक 82272.04 करोड़ रु. है।

Includes Rs. 18797.44 crore pertaining to Metropolitan Transport Project (Railways) and Circular Railways (i.e. Eastern, South Central and Western Railways) and excludes the assets taken on lease from IRFC amounting to Rs.29110.39 crore during the year 2020-21. and Rs. 258475.08 crores to end of March, 2021, and includes Capital Component of the lease charges paid to IRFC amounting to Rs. 11948.24 crores during the year 2020-21 as per revised accounting treatment. The cumulative Capital Component of lease charges to end of March'2021 comes to Rs. 82272.04 crores.

** इसमें वर्ष के दौरान कार्य जो ई.बी.आर.आई.एफ के अधीन 27635.47 करोड़ रू. व वर्ष के अन्त (मार्च 2021) तक 124337.74 करोड़ रू. शामिल नहीं है।

Excludes value of project undertaken under EBR-IF amounting to Rs. 27635.47 crore during the year 2020-21 and Rs. 124337.74 crores to end of March, 2021.

** इसमें वर्ष 2020-21 के दौरान कार्य जो ई.बी.आर.-एस के अधीन है 50515.29 करोड़ रू. व वर्ष के अन्त (मार्च 2021) तक 50515.29 करोड़ रू. शामिल नहीं है।

Excludes value of projects undertaken under EBR-S amounting to Rs. 50515.29 crore during the year 2020-21 and Rs. 50515.29 crores to end of March, 2021.

खण्ड SECTION-III

16. फार्मों के स्वरूप और लेखों के वर्गीकरण में परिवर्तन
CHANGES IN FORMS AND CLASSIFICATION OF ACCOUNTS.

वर्ष के दौरान लेखों के वर्गीकरण में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं हुआ है। बहरहाल, वर्ष के दौरान फार्मों के स्वरूप और लेखों के वर्गीकरण में किए गए कुछ अन्य परिवर्तन अनुलग्नक 'क' में दिए गए हैं।

There was no important change in classification of the accounts during the year. However, some other changes in form and classification of Accounts during the year have been set out in Annexure 'A'.

खण्ड SECTION-IV

17. 2020-21 में किए गए खर्च की ब्यौरेवार समीक्षा
DETAILED REVIEW OF EXPENDITURE FOR 2020-21

इस खंड में नीचे लिखे गए समूहों के अंतर्गत आलोच्य वर्ष के वास्तविक खर्च (सकल) की तुलना संसद द्वारा प्रारम्भ में स्वीकृत अनुदान तथा राष्ट्रपति द्वारा स्वीकृत विनियोग से की गई है। खंड V के पैरा 25, 26, 27, और 28 में वर्ष के वास्तविक सकल खर्च की तुलना अनुदान/विनियोग के स्वीकृत प्रावधान (पूरक अनुदान/विनियोग, यदि कोई हो से की गई है)।

In this section, the actual expenditure (Gross) for the year under review, grouped as indicated below is compared with the initial Grants voted by the Parliament and Appropriations sanctioned by the President. Paras 25, 26, 27 and 28 of Section V compare the actual gross expenditure of the year with the sanctioned provision of Grants/ Appropriations (including the supplementary Grants/Appropriations, if any).

ये समूह इस प्रकार हैं:-
The groups are as under :-

(क) पेंशन प्रभारों सहित साधारण संचालन व्यय (मुख्य शीर्ष 3001, 3002 और 3003)
ORDINARY WORKING EXPENSES INCLUDING PENSIONARY CHARGES (Major Head - 3001, 3002 & 3003).

(ख) विविध व्यय (मुख्य शीर्ष सं. 3001)
MISCELLANEOUS EXPENDITURE (Major Head - 3001).

(ग) निमार्ण कार्य व्यय– परिसम्पत्तियां–अधिग्रहण, निर्माण और बदलाव (मुख्य शीर्ष 5002, 5003 और 7002)
WORKS EXPENDITURE - ASSETS - ACQUISITION, CONSTRUCTION AND REPLACEMENT (Major Head - 5002, 5003 & 7002).

(घ) निधियों में विनियोग (मुख्य शीर्ष-3001, 3002, 3003 और 3006)
APPROPRIATION TO FUNDS (Major Head – 3001,3002,3003& 3006)

(ङ) अन्य परिवहन सेवाएं - 60 - (मुख्य शीर्ष-3075)
OTHER TRANSPORT SERVICES – 60 – (Major Head - 3075).

18. साधारण संचालन व्यय– पेंशन प्रभारों सहित (मुख्य शीर्ष-3001, 3002 एवं 3003)
ORDINARY WORKING EXPENSES INCLUDING PENSIONARY CHARGES (Major Head - 3001, 3002 & 3003).

18.1 तालिका-VIII में उपमुख्य शीर्ष सं. 01 से 11 के अंतर्गत वास्तविक खर्च की तुलना बजट अनुमान और कुल अनुदान/विनियोग से की गई है (इसमें पेंशन संबंधी तथा अन्य सेवानिवृत्ति लाभ शामिल हैं) (सकल आधार पर) :-

The table VIII compares the Actual Expenditure with Budget Estimate and Total Grant/Appropriations under Sub-Major Head No.01 to 11 (including Pensionary & Other Retirement Benefits) (On gross basis) :-

तालिका **TABLE VIII**

(लाख रु. में ₹ *in Lakh*)

	उप. मुख्य शीर्ष का नाम Name of Sub. M.H.		बजट BUDGET	कुल अनुदान/ विनियोग (बजट+पूरक) Total Grant/ Appropri. (Budget + Supple.)	कुल अनुदान/ विनियोग (अभ्यर्पण या निकासी को घटाकर Total Grant/ App. (Less surrender or withdrawal)	वास्तविक Actuals
	1		2	3	4	5
उप-मुख्य शीर्ष 01 Sub-MH 01	सामान्य अधीक्षण एवं सेवाएं General Superintendence & Services	स्वीकृत Voted	924719.47	924719.47	818744.66	813887.52
		प्रभृत Charged	17.38	17.38	68.55	69.71
उप-मुख्य शीर्ष 02 Sub-MH 02	रेलपथों और निर्माण कार्य की मरम्मत व अनुरक्षण Repairs & Maintenance of Permanent Way & Works.	स्वीकृत Voted	1735288.47	1735288.47	1595064.44	1599255.05
		प्रभृत Charged	43.01	43.01	57.94	54.73
उप-मुख्य शीर्ष 03 Sub-MH 03	रेलइंजनों की मरम्मत व अनुरक्षण Repairs & Maintenance of Motive Powers	स्वीकृत Voted	724942.76	724942.76	587028.73	587666.14
		प्रभृत Charged	1.12	1.12	0.00	0.00
उप-मुख्य शीर्ष 04 Sub-MH 04	सवारी और मालडिब्बों की मरम्मत व अनुरक्षण Repairs & Maintenance of Carriages & Wagons.	स्वीकृत Voted	1732477.90	1732477.90	1605145.49	1600605.79
		प्रभृत Charged	0.93	0.93	0.31	0.03
उप-मुख्य शीर्ष 05 Sub-MH 05	संयंत्र एवं उपस्कर की मरम्मत व अनुरक्षण Repairs & Maintenance of Plant & Equipments.	स्वीकृत Voted	938591.63	938591.63	840273.31	827433.43
		प्रभृत Charged	56.36	56.36	5.00	4.66
उप-मुख्य शीर्ष 06 Sub-MH 06	परिचालन-व्यय चल स्टॉक व उपस्कर Operating Expenses - Rolling Stock & Equipment.	स्वीकृत Voted	1756368.15	1756368.15	1481667.82	1480081.43
		प्रभृत Charged	0.93	0.93	27.99	34.50
उप-मुख्य शीर्ष 07 Sub-MH 07	परिचालन व्यय-यातायात Operating Expenses - Traffic.	स्वीकृत Voted	3490875.29	3490875.29	2978425.97	2976451.58
		प्रभृत Charged	6.90	6.90	8.89	8.39
उप-मुख्य शीर्ष 08 Sub-MH 08	परिचालन व्यय- ईंधन Operating Expenses - Fuel.	स्वीकृत Voted	3016964.04	3016964.04	2010034.96	1981523.30
		प्रभृत Charged	0.00	0.00	242.80	242.80
उप-मुख्य शीर्ष 09 Sub-MH 09	कर्मचारी कल्याण एवं सुख-सुविधाएं Staff Welfare & Amenities.	स्वीकृत Voted	915578.15	915578.15	802056.07	795413.50
		प्रभृत Charged	5.65	5.65	1.21	1.61

	उप. मुख्य शीर्ष का नाम Name of Sub. M.H.		बजट BUDGET	कुल अनुदान/ विनियोग (बजट+पूरक) Total Grant/ Appropri. (Budget + Supple.)	कुल अनुदान/ विनियोग (अभ्यर्पण या निकासी को घटाकर Total Grant/ App. (Less surrender or withdrawal)	वास्तविक Actuals
	1		2	3	4	5
उप-मुख्य शीर्ष 10 Sub-MH 10	विविध संचालन व्यय Misc. Working Expenses.	स्वीकृत Voted	852667.58	852667.58	760319.96	733973.32
		प्रभृत Charged	49160.91	49160.91	31981.48	27984.11
उप-मुख्य शीर्ष 11 Sub-MH 11	भविष्य निधि, पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभ Provident Fund, Pension and Other Retirement Benefits.	स्वीकृत Voted	5722526.56	5722526.56	5423586.69	5262956.51
		प्रभृत Charged	6.81	6.81	39.87	39.34
	कुल Total	स्वीकृत Voted	21811000.00	21811000.00	18902348.10	18659247.57
		प्रभृत Charged	49300.00	49300.00	32434.04	28439.87

18.2 स्वीकृत व्यय

Voted Expenditure

218110.00 करोड़ रु. के बजट अनुदान की तुलना में वास्तविक खर्च 186592.48 करोड़ रु. हुआ जिसके परिणामस्वरूप 31517.52 करोड़ रु. की बचत हुई। यह वृद्धि/बचत निम्नलिखित उप. मु. शीर्षों के अंतर्गत बजटोपरान्त किए गए कार्यों के कारण हुई :-

As against the **budget grant** of Rs.218110.00 crore, the actual expenditure was Rs.186592.48 crore resulting in a saving of Rs. 31517.52 crore. The excess/saving occurred under the following Sub-MH due to post-budget developments:-

बचत इस प्रकार है:-

Saving is as under :-

(करोड़ रु. में ₹ *in crore*)

(i)	उप-मुख्य शीर्ष 01 Sub.M.H. 01	सामान्य अधीक्षण और सेवाएं General Superintendence and Services.	1108.32
(ii)	उप-मुख्य शीर्ष 02 Sub-MH 02	रेलपथों और निर्माण कार्य की मरम्मत एवं अनुरक्षण Repairs & Maintenance of Permanent Way & Works.	1360.33
(iii)	उप-मुख्य शीर्ष 03 Sub.M.H. 03	रेल इंजन की मरम्मत एवं अनुरक्षण Repairs and Maintenance of Motive Power	1372.77
(iv)	उप-मुख्य शीर्ष 04 Sub.M.H 04	सवारी और माल डिब्बों की मरम्मत और रखरखाव Repairs and Maintenance of Carriages and Wagons.	1318.72
(v)	उप-मुख्य शीर्ष 05 Sub.M.H 05	संयंत्र और उपस्कर की मरम्मत और अनुरक्षण Repairs and Maintenance of Plant & Equipment.	1111.58
(vi)	उप मुख्य शीर्ष 06 Sub.M.H 06	परिचालन व्यय-चल स्टॉक और उपस्कर Operating Expenses - Rolling Stock & Equipment	2762.87
(vii)	उप-मुख्य शीर्ष 07 Sub-MH 07	परिचालन व्यय-यातायात Operating Expenses - Traffic.	5144.24
(viii)	उप-मुख्य शीर्ष 08 Sub-MH 08	परिचालन व्यय - ईंधन Operating Expenses – Fuel.	10354.41

(viii)	उप-मुख्य शीर्ष 09 Sub-MH 09	कर्मचारी कल्याण और सुख-सुविधाएं Staff Welfare & Amenities.	1201.65
(ix)	उप-मुख्य शीर्ष 10 Sub-MH 10	विविध संचालन व्यय Miscellaneous Working Expenses.	1186.94
(x)	उप मुख्य शीर्ष 11 Sub.M.H 11	भविष्य निधि, पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभ Provident fund, Pension and Other retirement Benefits	4595.70
		कुल **Total**	**31517.52**

18.3 218110.00 करोड़ रु. के कुल अनुदान की तुलना में वास्तविक खर्च 186592.48 करोड़ रु. हुआ जिसके परिणामस्वरूप 31517.52 करोड़ रु. की बचत हुई। इस वर्ष के दौरान इस भाग में कोई पूरक मांग न होने के कारण इस भाग के परिणाम पैरा सं. 18.2 के समान ही है :-

As against the **Total grant** of Rs. 218110.00 crore, the actual expenditure was Rs.186592.48 crore resulting in a saving of Rs. 31517.52 crore. This year, there is no supplementary grant in this section therefore the result is the same as para **18.2**.

प्रभृत व्यय
CHARGED EXPENDITURE

18.4 बजट अनुमान स्तर पर 10 उ.मु.शी. में 49300.00 लाख रु. के प्रभृत विनियोग प्राप्त किए गए थे। बजट अनुदान की तुलना में 28439.87 लाख रु. का वास्तविक खर्च करने के परिणामस्वरूप 20860.13 लाख की बचत हुई जो निम्नानुसार है:-

At the Budget Estimate stage ten Charged Appropriations aggregating to Rs. 49300.00 Lakhs were obtained. The actual expenditure incurred was Rs. 28439.87 Lakhs resulting in a saving of Rs. 20860.13 Lakhs as compared to **Budget estimates** is shown as under :-

बचत इस प्रकार है:-
Savings is as under :-

(लाख रु. में ₹ *in lakh*)

(i)	उप-मुख्य शीर्ष 03 Sub.M.H. 03	रेल इंजन की मरम्मत एवं अनुरक्षण Repairs and Maintenance of Motive Power	1.12
(ii)	उप-मुख्य शीर्ष 4 Sub-MH 4	सवारी और माल डिब्बों की मरम्मत और रखरखाव Repairs and Maintenance of Carriages and Wagons.	0.90
(iii)	उप-मुख्य शीर्ष 5 Sub-MH 5	संयंत्र और उपस्कर की मरम्मत और अनुरक्षण Repairs and Maintenance of Plant & Equipment.	51.70
(iv)	उप-मुख्य शीर्ष 09 Sub-MH 09	कर्मचारी कल्याण और सुख-सुविधाएं Staff Welfare & Amenities.	4.04
(v)	उप-मुख्य शीर्ष 10 Sub-MH 10	विविध संचालन व्यय Miscellaneous Working Expenses.	21176.80
		कुल **Total**	**21234.56**

निम्नलिखित में आधिक्य से अशतः संतुलित कर लिया गया।
Partly offset by an excess as under :-

(लाख रु. में ₹ *in lakh*)

(i)	उप-मुख्य शीर्ष 01 Sub-MH 01	सामान्य अधीक्षण और सेवाएं General Superintendence and Services.	52.33
(ii)	उप-मुख्य शीर्ष 02 Sub-MH 02	रेलपथों और निर्माण कार्य की मरम्मत एवं अनुरक्षण Repairs & Maintenance of Permanent Way & Works.	11.72
(iii)	उप-मुख्य शीर्ष 06 Sub-MH 06	परिचालन व्यय - चल स्टॉक व उपस्कर Operating Expenses – Rolling Stock & Equipment.	33.57
(iv)	उप-मुख्य शीर्ष 07 Sub-MH 07	परिचालन व्यय-यातायात Operating Expenses - Traffic.	1.48
(v)	उप-मुख्य शीर्ष 08 Sub-MH 08	परिचालन व्यय-ईंधन Operating Expenses-Fuel	242.80
(vi)	उप-मुख्य शीर्ष 11 Sub-MH 11	भविष्य निधि, पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभ Provident fund, Pension and Other retirement Benefits	32.53
		कुल Total	**374.43**
		शुद्ध बचत Net Saving	**20860.13**

18.5 49300.00 लाख रु. के कुल विनियोग की तुलना में 20860.13 लाख रु. की बचत हुई। इस वर्ष कोई भी अनुपूरक विनियोग नहीं है अतः परिणाम पैरा 18.4 के अनुसार समान रहा।

As compared to total Appropriation aggregating to Rs.49300.00 Lakhs, there was a saving of Rs. 20860.13 Lakhs. This year, there is no supplementary Appropriation, therefore the result is the same as para 18.4.

19 विविध व्यय :

MISCELLANEOUS EXPENDITURE :

19.1 नीचे दी गई तालिका IX में बजट अनुमान और कुल बजट अनुदान से मुख्य शीर्ष-3001 - रेलवे बोर्ड और विविध व्यय (सामान्य) के अंतर्गत, वर्ष 2020-21 के दौरान हुए वास्तविक खर्च को तुलनात्मक दर्शाया गया है।

The Table IX below shows the actual expenditure during 2020-21 in comparison to Budget Estimate and total Grant under Major Head - 3001 - Railway Board and Miscellaneous Expenditure (General).

तालिका **TABLE -IX**

(करोड़ रु. में ₹ *in crore*)

	उप. मुख्य शीर्ष का नाम Name of Sub. M.H.		बजट BUDGET	कुल अनुदान/ विनियोग (बजट+पूरक) Total Grant/ Appropriation (Budget + Supple.)	कुल अनुदान/ विनियोग (अभ्यर्पण या निकासी को घटाकर Total Grant/ Appropriation (Less surrender or withdrawal)	वास्तविक Actuals.
	1		2	3	4	5
मुख्य शीर्ष-3001 MH-3001	रेलवे बोर्ड Railway Board. & विविध व्यय (सामान्य) Misc. Expenditure (General).	स्वीकृत Voted	2596.01	2596.01	1906.43	1577.27
		प्रभृत Charged	4.00	4.00	4.00	3.34
	कुल Total		2600.01	2600.01	1910.43	1580.61

19.2 कुल व्यय के अंतर्गत, 1580.61 करोड़ रु. का वास्तविक सकल व्यय 2600.01 करोड़ रु. के कुल प्रावधान से 1019.40 करोड़ रु. कम था। मु. शीर्ष - रेलवे बोर्ड के अर्न्तगत हुई बचत मुख्यतः अन्य प्रभारों और कर्मचारी लागत के अन्तर्गत हुई और विविध व्यय (सामान्य) के अंतर्गत यह बचत मुख्यतः शीर्षो - आरडीएसओ, कर्मचारी लागत और कुछ सर्वेक्षण कार्यों की धीमी प्रगति तथा विविध प्रभारों के अंतर्गत हुई।

The actual gross expenditure of Rs. 1580.61 crore was Rs. 1019.40 crore less than the total sanctioned provision of Rs. 2600.01 crore. The saving occurred under - Railway Board is mainly towards other charges and staff cost, RDSO, Cost of Staff cost and slow progress of some survey works, Miscellaneous establishments and Miscellaneous charges.

20. मुख्य शीर्ष (5002 और 5003) - निर्माण कार्यों पर व्यय :- परिसम्पत्तियां - अधिग्रहण, निर्माण और बदलाव
MAJOR HEAD (5002 & 5003) - WORKS EXPENDITURE :- ASSETS - ACQUISITION, CONSTRUCTIONAND REPLACEMENT –

20.1 मुख्य शीर्ष (5002 और 5003) - परिसम्पत्तियां - अधिग्रहण, निर्माण और बदलाव के अंतर्गत बुक किए गए निर्माण कार्यों के खर्च से संबंधित संगत आंकड़े तालिका X में दिए गए हैं :-

The relevant figures relating to works expenditure booked under Major Head 5002 & 5003; - Assets - Acquisition, Construction and Replacement are set out in Tables X.

तालिका **TABLE -X**

(करोड़ रु. में ₹ *in crore*)

